वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :5 अंक : 18 | मंगलवार 13 मई 2025 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# जयपुर समेत 8 जिलों में बारिश, अजमेर में ओले गिरे

## सीकर में युवक की मौत; कल 21 शहरों में आंधी-बरसात का अलर्ट

### सीकर में बारिश के पानी में करंट फैलने से एक युवक की मौत हो गई। अलवर, टोंक, भीलवाड़ा, झुंझुनूं, हनुमानगढ़ में भी कुछ जगहों पर हल्की बारिश और बूंदाबांदी हुई



**जयपुर. कासं**

राजस्थान में सोमवार शाम अचानक मौसम पलट गया। जयपुर समेत कई जिलों में तेज बारिश शुरू हो गई। सीकर और अजमेर के केकड़ी में बरसात के साथ ओले गिरे। सीकर में बारिश के पानी में करंट फैलने से एक युवक की मौत हो गई। अलवर, टोंक, भीलवाड़ा, झुंझुनूं, हनुमानगढ़ में भी कुछ जगहों पर हल्की बारिश और बूंदाबांदी हुई। वहीं, राजस्थान के कई शहरों में आज भी गर्मी तेज रही। श्रीगंगानगर, चूरू, बीकानेर, जैसलमेर और बाड़मेर में अधिकतम तापमान 41 से 43 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने मंगलवार को राज्य के 21 जिलों में आंधी-बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, 15 मई से राज्य के उत्तर-पश्चिमी जिलों में हीटवेव का येलो अलर्ट जारी किया है।

### सीकर में बारिश से पानी भरा, करंट से युवक की मौत

सीकर में शाम को करीब आधे घंटे तक तेज बारिश हुई। बारिश के कारण कृषि उपज मंडी के पीछे स्थित सैनी नगर में जलभराव हुआ। इस जलभराव में करंट फैलने से युवक रोहित कुमावत की मौत हो गई। मूल रूप से सीकर के लक्ष्मणगढ़ के रहने वाले



रोहित की उम्र करीब 17 से 18 साल बताई गई है। वह सीकर में मां के साथ रहता था। मजदूरी करता था।

### दिन में गर्मी, शाम को बारिश

टोंक, अजमेर, हनुमानगढ़, नागौर, सीकर, जयपुर समेत कई शहरों में आज सुबह से दोपहर तक तेज गर्मी रही। इन शहरों में शाम को आसमान में बादल छाने के साथ कुछ जगह धूलभरी हवा चली। नागौर, झुंझुनूं शहर में 0.5एमएम और हनुमानगढ़ में 1एमएम बारिश दर्ज हुई।

### बाड़मेर-बीकानेर में रहा सबसे ज्यादा तापमान

राज्य में आज सबसे ज्यादा तापमान बीकानेर में 42.5 और बाड़मेर में 42.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इन दोनों ही शहरों में दोपहर तक तेज गर्मी रही। कुछ जगह गर्म हवा चली। बीकानेर में दोपहर बाद मौसम में हल्का बदलाव हुआ और आसमान में बादल छाए। जैसलमेर में आज अधिकतम तापमान 42.1, चूरू में 41.5, श्रीगंगानगर में 41.3, पिलानी में 40.5 और जोधपुर में 39.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर में अधिकतम तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। दिन में तेज गर्मी के साथ गर्म हवा चली। लेकिन, शाम होने के साथ जयपुर के इलाकों में बादल छाए और कुछ जगह धूलभरी हवा चली।

### 15 से शुरू होगा हीटवेव का दौर

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार, राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर 13 मई तक रहेगा। 14 मई को राज्य में मौसम साफ रहेगा। कहीं आंधी-बारिश की कोई संभावना नहीं है। पश्चिमी राजस्थान के शहरों में 14 मई तक तापमान 44 या 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। 15 मई से राज्य में हीटवेव का दौर शुरू होगा।

# “जननी जन्मदाता को नमन” कार्यक्रम में उमड़ा भावनाओं का सैलाब





## जैन सोशल ग्रुप स्पार्कल, ब्यावर द्वारा आयोजित भावपूर्ण समारोह

**ब्यावर. शाबाश इंडिया**

जैन सोशल ग्रुप स्पार्कल, ब्यावर द्वारा सूरज भवन में जननी जन्मदाता को नमन नामक एक अत्यंत भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के सदस्य एवं सदस्य के परिवारों ने पूरे उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम में ग्रुप के बच्चों और बड़ों द्वारा कुल 27 प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें भाषण, गीत और नृत्य शामिल रहे। सभी प्रस्तुतियाँ माता-पिता के प्रति सम्मान, प्रेम और कृतज्ञता की भावनाओं से ओतप्रोत थीं। कार्यक्रम के दौरान मदर'स डे का आयोजन भी हुआ, जिसने पूरे माहौल को और भी मधुर बना दिया। अध्यक्ष पीयूष रांका, सचिव प्रवीण मकाना एवं कोषाध्यक्ष उज्जवल कला ने संयुक्त रूप से बताया कि यह आयोजन हमारे जीवन में माता-पिता के महत्व को पुनः स्मरण कराने का एक विनम्र प्रयास था। समाज में ऐसे संस्कारों का संचार अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इसमें दोनों पक्षों – पिहर एवं ससुराल की फैमिलियों को आमंत्रित किया गया, जिससे परिवारों में आपसी एकता और अपनापन और भी गहराया। ऋषभ बुरड़, अखिल बोहरा, साक्षी रांका, रक्षा श्रीश्रीमाल, खुशबू कुमठ, प्रियंका काला, मोनिका गदिया,हर्षिता जैन, प्रियंका संचेती, इन सभी ने मिल कर इस कार्यक्रम को बहुत सफलता से समन्वित किया। समापन पर सभी उपस्थितजनों ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए इसे एक अविस्मरणीय और आत्मिक अनुभव बताया।

# ज ला ने मेडिकल कालेज औषधि भंडार केंद्र का शिलान्यास एवम भूमि पूजन हुआ



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

**अजमेर।** दिनांक 12 मई 2025 को प्रातः 10:30 बजे जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, अजमेर स्थित औषधि भंडार, राजकीय महिला चिकित्सालय परिसर, लोहागल रोड, अजमेर का शिलान्यास एवं भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर भूमि पूजन माननीय वासुदेव देवनानी , अध्यक्ष राजस्थान विधानसभा, माननीय भागीरथ चौधरी , केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री एवं सांसद, अजमेर, श्रीमती अनिता भदेल विधायिका दक्षिण अजमेर द्वारा संयुक्त रूप से संपन्न किया गया। तीनों माननीय अतिथियों ने परंपरागत रूप से गेती एवं फावड़े से निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए इस योजना को क्षेत्र के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। **परियोजना का विवरण:** यह औषधि भंडार राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के अंतर्गत निर्मित किया जा रहा है, जो कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा एवं राजकीय महिला चिकित्सालय परिसर में स्थित होगा। इसका निर्माण कार्य लगभग 3.31 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण होगा। इसका उद्देश्य जिले के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों को दवा की समय पर, सुरक्षित एवं सुलभ आपूर्ति सुनिश्चित करना है। **परियोजना के लाभः** यह भंडार लाखों मरीजों के लिए जीवन रक्षक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। जे.एल.एन. चिकित्सालय सहित समस्त राजकीय अस्पतालों को अधिक सुविधा से दवा आपूर्ति होगी। स्टॉक एवं वितरण प्रणाली और अधिक प्रभावी व पारदर्शी बनेगी। माननीय वासुदेव देवनानी ने कहा की ज ला नेहरू आयुर्विज्ञान महाविद्यालय और इससे सम्बद्ध चिकित्सालयों की स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर उन्नति हो रही है, जिससे आम जन को सीधा लाभ मिल रहा है। माननीय केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी कहा की ये आरं एम एस सी एल द्वारा संचालित औषधि भंडार केंद्र जवाहर लाल नेहरू अस्पताल और उससे संबंधित अस्पतालों में दवाओं का प्रचुर मात्रा में भंडार किया जा सकेगा विषम परिस्थितियों में भी इसकी निरंतर सप्लाई होती रहेगी भारत व राज्य सरकार द्वारा दवाइयों की अच्छी गुणवतता व निशुल्क सप्लाई की जाती है।

# जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ का शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न





**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ का शपथ ग्रहण समारोह 11 मई को चोखा पंजाब अजमेर रोड पर संपन्न हुआ ग्रुप संस्थापक अध्यक्ष मनीष झांझरी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जस्टिस अतुल कुमार जैन एवं इंदु जैन और समाज सेवी कुलदीप जैन एवं मधु पांड्या द्वारा सुनील सोगानी अध्यक्ष,सुकेश काला उपाध्यक्ष, अजय जैन सचिव, विजय जैन संयुक्त सचिव, संजय गोधा कोषाध्यक्ष एवं कार्यकारिणी को भी शपथ दिलाई गई । कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियो द्वारा दीप प्रज्वलन तत्पश्चात णमोकार व मंगलाचरण से कि गई णमोकार महामंत्र मुनिया सोगानी , किरण झांझरी, अंजना गंगवाल, संगीता जैन, ऋतु जैन, सपना काला, रिद्धि जैन, एवं निशा गोधा द्वारा किया। रेडियो जॉकी तन्मय जैन द्वारा मदर्स डे पर आकर्षक प्रस्तुति ने सभी सदस्यों को मंत्र मुग्ध कर दिया प्रियंका जैन अंजना गंगवाल निशा गोधा मेंघा पापड़ीवाला ,नीलू जैन ,पीहु जैन और गुनिन जैन द्वारा देशभक्ति पर बहुत ही आकर्षक एवं मनमोहक प्रस्तुति दी और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले अंजना गंगवाल द्वारा पारितोषिक प्रदान किया। रिद्धि जैन द्वारा अनूठे अंदाज में आकर्षक हाउजी कराई। ग्रुप सदस्य विनोद जैन के जन्म दिवस के उपलक्ष में केक भी काटा गया ग्रुप द्वारा जयपुर समस्त जैन समाज के लिए 10 दिवसीय धार्मिक शिक्षण शिविर छढाला विषय पर आयोजन किया जा रहा है अतिथि द्वारा छढाला पुस्तक का विमोचन किया । मंच संचालन आरती जैन द्वारा किया गया ।

# पार्षद नीरज अग्रवाल का 34वां जन्मदिन मनाया

## रक्तदान व कैंसर जांच शिविर में उमड़े लोग

**जयपुर. शाबाश इंडिया**





हैरिटेज नगर निगम वार्ड 93 के लोकप्रिय पार्षद नीरज अग्रवाल का 34वां जन्मदिन सामाजिक सरोकार के कार्यक्रमों के बीच सोमवार को आदर्शनगर के श्रीराम मंदिर में मनाया गया। इस मौके पर दिन भर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। इस दौरान राजनैतिक,सामाजिक व व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों,कार्यकताओं,मित्रजनों पार्षद अग्रवाल को पुष्प गुच्छ,माला व साफा पहनाकर बधाई दी। इस अवसर पर रक्तदान व कैंसर जांच षिविर का भी आयोजन किया। एसएमएस हॉस्पिटल व ईएचसीजी व स्वास्तिका ब्लड बैंक के सहयोग से हुए रक्तदान षिविर में लोगों का बढ़-चढ़कर उत्साह दिखाते हुए करीब 312 यूनिट रक्तदान किया। रक्तदान षिविर के लिए करीब 400 लोगों ने पंजीकरण कराया। वहीं भगवान महावीर कैंसर अस्पताल की ओर से आयोजित कैंसर जांच शिविर में 117 लोगों ने जांच करवाई। इस अवसर पर प्रेम शांति निकेतन स्कूल व गोल्डन फयूचर एकेडमी स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रकृति को बचाने का संदेष दिया,साथ ही जयपुर शहर को हरा-भरा रखने व प्रकृति के संरक्षण के लिए पूरे वर्षभर जयपुर के विभिन्न स्थानों पर 10 फुट के 11 हजार पेड़ लगाए जाएंगे। कार्यक्रम में आरएएस के प्रांत प्रचारक बाबूलाल,भाजपा के पूर्व प्रदेषाध्यक्ष व हरियाणा भाजपा प्रभारी सतीष पूनिया,सांसद मंजू शर्मा,मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ,बगरू विधायक कैलाष वर्मा व हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य,सोनी सीरियल हनुमान में हनुमान का किरदार निभाने वाले निर्भय वाधवा,आदर्ष नगर विधानसभा के भाजपा प्रत्याषी रवि नैयर, किषनपोल विधानसभा के भाजपा प्रत्याषी सीएम बटवाड़ा,भाजपा के प्रदेष उपाध्यक्ष अजयपाल सिंह,भाजयुमो के पूर्व प्रदेष अध्यक्ष अषोक सैनी,जयपुर नगर निगम हैरिटेज के उप महापौर असलम फारूखी, अमरनाथ जी महाराज,समाजसेवी विमलेष अग्रवाल, सिंधी समाज के अध्यक्ष तुलसी त्रिलोकानी, संजय ओसवाल, अवनीष सिंघल, कपिल चैपड़ा, ट्रांसपोर्ट नगर एसोसिएशन के पदाधिकारी, कानोता औद्योगिक क्षेत्र, सेठी कॉलोनी एसोएिसशन सहित अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने पहुंचे पार्षद नीरज अग्रवाल को बधाई दी।

# बोधि की चुप्पी

शांत है लुंबिनी की पगडंडी,
जहाँ फूलों ने पहले देखा प्रकाश,
राजकुमार की पहली हँसी में,
छुपा था अनंत का एक उलझा प्रकाश।

जन्मा था एक प्रश्न वहाँ,
चक्रवर्ती नहीं, चैतन्य का दीपक,
महलों की आभा से दूर,
सत्य का नन्हा एक दीपक।

बोधिवृक्ष के पत्तों में,
बहती है अनहद की बयार,
तप की चुप्पी, सत्य की पुकार,
जिसने अंधेरों को सीखा दिया,
प्रकाश का अनादि व्यापार।

कपिलवस्तु की गलियों में,
गूँजता है अब भी वो प्रश्न,
जीवन का सत्य क्या है?
दुख की गाँठें क्यों हैं?

महापरिनिर्वाण की शांति,
कुशीनगर की माटी में बसी,
जहाँ देह नहीं, पर जीवन का अर्थ,
साँसों में घुली एक अनंत हँसी।

साक्षी है ये धरती,
हर बोधि की फुसफुसाहट का,
जहाँ मौन से फूटा था अमरत्व,
और जाग उठा था एक विश्व का सत्य।

**–डॉ. सत्यवान सौरभ**

# जैन सोश्यल ग्रुप गोल्ड ने किया फन एंजॉय प्रोग्राम



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोश्यल ग्रुप गोल्ड ने इस नए सत्र का पहला फन एंजॉय प्रोग्राम मानसरोवर एक्सटेंशन क्षेत्र में स्थित फनबर्ग एंटरटेनमेंट वैन्यू पर किया। ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष राकेश गोधा, अध्यक्ष राजकुमार बेद ने बताया कि सदस्यों ने इस पूरे आयोजन में कई तरह से खूब एंजॉय किया , आते ही अल्पाहार के साथ साथ रील बनाने के गेम्स में खूब मस्ती की। ग्रुप के निवर्तमान अध्यक्ष सुरेंद्र पाटनी ने बताया कि फनबर्ग के गेम जोन में छोटे से लेकर बड़ों तक के विभिन्न प्रकार के गेम्स में सभी ने खूब फन एंजॉय किया। कब दोपहर से शाम हो गई पता ही नहीं चला, शाम के खाने के बाद मदर्स डे पर शानदार सेलिब्रेशन किया गया। इस दौरान सारी महिलाओं और उनके बच्चों ने केक काट कर सेलिब्रेट किया। साथ ही मदर्स डे के गानों पर मां और बच्चों ने गाने गाए, डांस किया। इस दौरान राकेश गोधा ने संचालन करते हुए मां और बच्चों के जुड़ाव को बताया। खाने के साथ साथ योगेश गोधा, गीत जैन सुपुत्र प्रसिद्ध गायक दंपति गौरव दीपशिखा जैन और राकेश गोधा ने कराओके पर फिल्मी गीत प्रस्तुत कर माहौल को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम में नए सदस्यों का स्वागत सत्कार किया। बाद में सरिता गोधा ने बड़ी ही रोचकता से हाऊजी खिलाया।




# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप प्रज्ञा निवाई का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

## अध्यक्ष महावीर प्रसाद पराणा एवं सचिव विमल जौंला नियुक्त

**निवाई. शाबाश इंडिया।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह जयपुर के भट्टारक जी की नसियां स्थित तोतूका सभागार में सामाजिक सोहार्द के साथ आयोजित किया गया। जिसमें शपथ ग्रहण विधि का संचालन फेडरेशन के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायका द्वारा किया गया। जिन्होंने वर्ष 2025 - 26 हेतु नवगठित रीजन संभाग एवं जैन सोशल ग्रुप प्रज्ञा निवाई की कार्यकारिणी में अध्यक्ष महावीर प्रसाद पराणा एवं मंत्री विमल जौंला को फेडरेशन के संविधानानुसार पद एवं कर्तव्यों की शपथ दिलाई। नवगठित कार्यकारिणी में सुनील सुमन बज को रीजन अध्यक्ष, नीरज रेखा जैन को महासचिव, एवं प्रमोद सोनल जैन को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसी तरह टोंक जिला निवाई संभाग में अध्यक्ष महावीर प्रसाद पराणा एवं सचिव विमल जौंला को नियुक्त किया गया। शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम का संचालन सुनीता गंगवाल एवं सोनल जैन ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयपुर के अतिरिक्त जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार जैन एवं निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायका, रीजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्या, राष्ट्रीय महासचिव विनय जैन, राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष यशकमल अजमेरा अपने कार्यकाल की उपलब्धियों एवं धार्मिक सामाजिक सेवाभावी गतिविधियों की जानकारी दी।



# वेद ज्ञान

## यक्ष प्रश्न

प्रगतिशील युग का मानव मस्तिष्क आरंभ से ही प्रश्नों से घिरा रहा है। अनेकानेक प्रकार के प्रश्नों की श्रृंखला न केवल उसके विवेकवान होने का परिचायक है, बल्कि मानव के सतत विकास की कुंजी भी साबित हुई है। नाना प्रकार के विचार और परिकल्पनाएं माना कि अंधे की लाठी के टटोलने जैसी होती हैं, किंतु उसी मंचन से उपलब्धि रूपी वैज्ञानिक शक्तियां व संसाधन और विकास रूपी रत्न भी प्राप्त होते रहे हैं। मनन रूपी पहलू यह है कि हम धन, पद, यश रूपी कितनी ही उपलब्धियां क्यों न हासिल कर लें, हमें पूर्ण संतुष्टि नहीं मिलती। यहां तक कि कोई उपलब्धि जिसे हासिल करने में हमने सालों गंवाए होते हैं, उसकी प्राप्ति का सुख उठा भी नहीं पाते कि हमारे भीतर की रिक्तता अतृप्ति महसूस कर ठोकर मारती है और हम दूर ज्ञात-अज्ञात के क्षितिज पर नजरें टिकाए सुख यहां नहीं, वहां है की मृग मरीचिका में भटकते हुए चल पड़ते हैं। आशय यह कि एक दिन हमारे जीवन का तेल चुक जाता है और हमारे हाथ खाली, किंतु मन महत्वाकांक्षाओं से भरा हुआ होता है और हम पुनः एक नई यात्रा पर निकल जाते हैं। यक्ष प्रश्न यह उठता कि क्या हमारे अंतस की प्यास कभी बुझ नहीं सकती? अगर नहीं तो कबीर दास, नानक, महात्मा बुद्ध, महावीर आदि मानवता की महानतम विभूतियां अपने-अपने अंतस की प्यास को बुझाने में कैसे सफल रहीं। कहीं ऐसा तो नहीं कि हम अपने अंतस की प्यास को पहचान ही न पा रहे हों? किसी एक जेब में रखी वस्तु उस जेब के बजाय हम अन्य कितनी ही जेबों को क्यों न टटोल लें, हमें नहीं मिलेगी। महात्मा बुद्ध और महावीर जैसे राजपुत्र उसी प्यास से परेशान होकर वन गए। हां और जब उन्हें वह मिल गया जिसे पा लेने के बाद जन्म-जन्म की प्यास बुझ जाती है तो वे फिर लौटे, किंतु उनका सुख महलों के बजाय जनसामान्य की ओर था। उन्हें पता चल चुका था कि महल व महत्वाकांक्षाएं उस प्यास को नहीं बुझा सकतीं। अगर उसे बुझाना ही है तो हमें उस प्यास को उसके सच्चे रूप में समझना होगा। सबसे बड़ा आश्चर्य तो यही है कि चारों तरफ भीतर से बाहर तक अतृप्ति महसूस करने के बाद भी हमारा मोहभंग नहीं होता और न ही हम उसे पहचानने की चेष्टा करते हैं। उसे पहचाने बगैर हम उसे सही दिशा दे भी कैसे सकते हैं।

# संपादकीय

## शांति की राह...

भारत और पाकिस्तान के बीच पिछले कुछ दिनों से जिस तरह युद्ध के हालात बने हुए थे, उसमें यह आशंका गहरी हो रही थी कि कहीं यह ज्यादा जटिल शक्ल न अख्तियार कर ले। खासतौर पर पाकिस्तान की ओर से जिस तरह की प्रतिक्रिया देखी जा रही थी, उसमें ऐसा लग रहा था कि उसे भारत की ओर से आतंकी ठिकानों को निशाना बनाए जाने से परेशानी है। और इसी वजह से वह एक दिशाहीन टकराव की ओर बढ़ रहा है। मगर शनिवार को जिस तरह भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के लिए सहमति बनने की खबर आई, उससे शांति के लिए एक सकारात्मक उम्मीद बंधी है। दरअसल, भारत की मंशा पहले भी सिर्फ इतनी ही रही कि उसने बेलगाम आतंकियों को सबक सिखाने के लिए एक ''नपी-तुली और नियंत्रित'' प्रतिक्रिया का रास्ता अपनाया था, वह भी उन्हें काबू में करने के लगभग सारे विकल्प खत्म हो जाने के बाद दूसरी ओर, पाकिस्तान ने आतंकी ठिकानों को निशाना बनाए जाने को अपने ऊपर हमला माना और जवाब में जिस तरह की कार्रवाई शुरू कर दी, उसमें नाहक हड़बड़ी और अपरिपक्ता दिख रही थी। मगर इससे स्थिति बिगड़ जाने की आशंका खड़ी हो गई थी। हालांकि इस बीच भारत ने कूटनीतिक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय राजनीति में प्रभाव रखने वाले देशों के सामने समूची स्थिति स्पष्ट तौर पर रखी और इस संघर्ष में पाकिस्तान की भूमिका को भी रेखांकित किया। यह आतंकियों के खिलाफ प्रत्यक्ष कार्रवाई से लेकर कूटनीति के मोर्चे पर बहुस्तरीय घेरा था, जिसका दबाव पाकिस्तान साफ महसूस कर रहा था। शायद यही वजह है कि अमेरिकी मध्यस्थता के बाद पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशक यानी डीजीएमओ की ओर से भारत के डीजीएमओ को फोन आया और दोनों पक्षों के बीच सहमति बनी कि शनिवार को शाम पांच बजे से जमीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद कर देंगे। जाहिर है, गंभीर शक्ल लेने की ओर बढ़ते टकराव के बीच पूर्ण और तत्काल संघर्ष विराम की घोषणा शांति की राह तलाशने के लिहाज से एक जरूरी पहलकदमी है और इस पर पाकिस्तान को पहले ही गौर करना चाहिए था। मगर कई बार किसी मसले को इस रूप में भी देखा जाता है कि अगर अंत में सब ठीक कर लिया गया तो वही रास्ता सही है। इसमें कोई दोराय नहीं कि युद्ध किसी भी समस्या का स्थायी हल नहीं है। विडंबना यह है कि कई बार किसी एक पक्ष की द्वेषपूर्ण जिद की वजह से दूसरे को मजबूरन और आखिरी विकल्प के रूप में अपने बचाव में ठोस कदम उठाने पड़ते हैं। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत के सामने यही विकल्प बचा था कि वह आतंकियों की लगातार ऐसी हरकतों को रोकने के लिए एक बड़ी कार्रवाई करे और उन्हें संरक्षण और शह देने वाले ठिकानों को निशाना बनाए। दूसरी ओर, पाकिस्तान ने जो रवैया अपनाया हुआ था, उससे कई बार ऐसा लग भी रहा था कि वह नाहक ही हालात को उलझाने में लगा हुआ है। **-राकेश जैन गोदिका**



# परिदृश्य

## संघर्ष विराम के बाद

शनिवार, 10 मई की शाम को संघर्ष विराम की घोषणा के बाद दो परमाणु शक्ति संपन्न देशों, भारत और पाकिस्तान में तनाव का स्तर नीचे आया है, तो इसका अवश्य स्वागत किया जाना चाहिए। मगर पाकिस्तान की फितरत को देखते हुए भारत सरकार और भारतीय सेना किस कदर चौकस है, इसे रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े शीर्ष नेतृत्व की बैठक से समझा जा सकता है। निस्संदेह, यह अतिरिक्त सतर्कता आश्वस्तकारी है और इसे तब तक बरते जाने की जरूरत है, जब तक कि दोनों देशों की सीमाएं पूर्ववत शांतिपूर्ण स्थिति में नहीं लौट आतीं। वैसे भी, भारतीय सेना ने बुधवार देर रात 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम देने के बाद यह स्पष्ट किया था कि उसकी कार्रवाई पाकिस्तान के अवाम के खिलाफ नहीं, बल्कि उसका लक्ष्य दहशत के उन केंद्रों को ध्वस्त करना था, जो भारतीय सरजमीं पर खून-खराबे के लिए जिम्मेदार हैं और पहलगाम के 26 बेगुनाह सैलानियों के कत्लेआम में शामिल हैं। उसने सटीक यही किया भी। नौ आतंकी शिविरों को नेस्तनाबूद कर और बड़ी संख्या में आतंकियों का सफाया करके इस ऑपरेशन ने अपना मकसद हासिल किया है। इस पूरे प्रकरण में पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठान का रवैया बेहद अपरिपक्व और उकसाने वाला रहा। दहशतगर्दों को दफ्न किए जाते वक्त पूरी दुनिया ने देखा कि किस तरह उन सबको वहां राजकीय सम्मान दिया गया, बल्कि उसके बाद भारतीय नागरिक व सैन्य ठिकानों पर मिसाइल व ड्रोन हमले की हिमाकत करके उसने अपनी रक्षा कमजोरियों का दुनिया भर में तमाशा बना डाला। भारत के मजबूत डिफेंस सिस्टम ने न केवल उसके सारे बार नाकाम कर दिए, बल्कि जैसा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी कल कहा, ब्रह्मोस मिसाइल की धमक रावलपिंडी में बैठे फौजी साहिबान ने भी सुनी। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने पाकिस्तान सहित पूरी दुनिया को यह साफ पैगाम दे दिया है कि भारतीय भूमि पर आतंकवादी कृत्य करके कोई आतंकी किसी देश में खुद को सुरक्षित समझने की भूल न करे। कश्मीर में रह बचे मुट्ठी भर आतंकियों या उनसे सहानुभूति रखने वालों को भी अब साफ हो जाना चाहिए कि गुनहगार कहीं छिपेंगे, बख्शे नहीं जाएंगे। मगर इस पूरे संघर्ष में एक ऐसा पहलू भी उभरकर सामने आया है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता और जो भारतीय राजनय व आंतरिक सुरक्षा तंत्र के लिए नई अग्नि परीक्षा साबित हो सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस तरह कश्मीर मामले में मध्यस्थता करने की लिप्सा दिखाई है, वह शिमला समझौते की हमारी शर्तों के विपरीत है। इस समझौते में पाकिस्तान ने साफ-साफ आपसी बातचीत से मामले को सुलझाने पर अपनी रजामंदी दी थी। हालांकि, बाद के दशकों में वह लगातार प्रयास करता रहा कि किसी भी तरह से अमेरिका को पंच की भूमिका में ले आया जाए। भारतीय कूटनीति ने उसकी हर चाल को नाकाम कर दिया। मगर बड़बोले ट्रंप की पिछले दो दिन की टिप्पणियां अब इस्लामाबाद को नए सिरे से प्रेरित कर सकती हैं। कि वह ट्रंप प्रशासन को खुश करने के लिए कश्मीर मुद्दे को बार-बार उसके सामने पेश करे। इसके लिए वह कश्मीर में नए सिरे से दहशतगर्दी को बढ़ावा देने की कोशिश कर सकता है। इसलिए भारत को दो-टूक शब्दों में अमेरिकी सत्ता प्रतिष्ठान को यह साफ कर देना चाहिए कि इस मामले में किसी तीसरे पक्ष के लिए कोई गुंजाइश नहीं है।




# जैन सोश्यल ग्रुप सिद्धा का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न







**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोश्यल ग्रुप सिद्धा की नई टीम का आगामी सत्र 2025 - 27 का शपथ ग्रहण समारोह के साथ साथ सिद्धा परिवार दंपत्ति सदस्यों का परिचय हुआ। संस्थापक अध्यक्ष धीरज कुमार सीमा पाटनी ने बताया कि रविवार, दिनांक 11 मई 2025 महल रजवाडा रिजॉर्ट्र्स वैशाली नगर, जयपुर में आयें हुए सभी दंपति सदस्यों का तिलक दुपट्टा पहना कर के स्वागत एवं सम्मान किया गया। उसके बाद सभी ने अपनी परिचय के साथ पारिवारिक फोटो खिंचवाई उसके बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष सौरव रतिका गोधा एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्यों को बैंड बाजे ढोल धमाके के साथ साथ महिलाए 108 दीपक हाथों में लिए नाचते गाते और जैन धर्म का प्रतीक पचरंगे झंडे को लहराते हुए कार्यक्रम स्थल पर एंट्री कराई। पूर्व अध्यक्ष निर्मल तारा पांड्या ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत रूप से केशव टीना अग्रवाल ने दीप प्रज्वलन करके की एवं कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा मंगलाचरण के बाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी श्री बालमुकुंद जी महाराज विधायक हवामहल विधानसभा क्षेत्र से उनके साथ इंस्टॉलेशन अधिकारी राकेश रेखा जैन एवं विशिष्ट अतिथि संजय चंचल पांड्या एवं जेएसजीआईएस नॉर्दर्न रीजन के इलेक्ट चेयरमैन सुभाष बज तिलक माला दुपट्टा साफा एवं बुके देकर के स्वागत किया गया । उसके बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष सौरभ रतिका गोधा एवं समस्त कार्यकारिणी के साथ सभी दंपति सदस्यों को अपने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। निवर्तमान अध्यक्ष दिनेश नीलम काला ने बताया कि कार्यक्रम के को पावर्ड मणिपाल हॉस्पिटल से आए हुए डॉ महेश हरितवाल डॉ शंकर ढाका द्वारा हमे दैनिक दिनचर्या में कैसे स्वस्थ रहें और किन चीजों को हम अवॉइड करें और किन चीजों को हम ग्रहण करें बहुत ही बारीकी से सभी को समझाया और उनका साथ दिया । धीरज अरोड़ा ने साथ ही मदर्स डे होने के अवसर पर सभी बच्चों ने मिलकर के अपने मां के लिए एक केक मंगवाया और उसे सेलिब्रेशन किया और अपनी मां के लिए गाने गए झूम और नाच और मां ने अपने बच्चों को गले से लगाए।

आए हुए अतिथियों का मणिपाल हॉस्पिटल के डॉक्टर का धीरज अरोड़ा का एवं सीधा परिवार के सभी दंपति सदस्यों का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम संयोजक निर्मल तारा पांड्या दिनेश नीलम काला, वीरेंद्र कविता काला, राहुल स्वाति जैन, वरुण विनीता सोगानी राजू सरिता जैन ने।

# मातृ दिवस पर सम्यक ग्रुप के सदस्यों ने लिया पूल पार्टी का आनन्द



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सम्यक द्वारा अपने सदस्यों के मनोरंजन एवं सांस्कृतिक सहभागिता हेतु पूल पार्टी का आयोजन 11 मई 2025 रविवार को किया । साँझरिया ग्राम स्थित स्वप्न लोक रिसोर्ट में प्रातः 11 बजे से सायं 6 बजे तक दंपति सदस्यों ने पूल पार्टी में धमाल किया। ग्रुप सचिव नवल जैन ने बताया कि प्रातः स्नेक्स के नाश्ते के पश्चात सभी ने हाउजी खेल का आनंद लिया । इसके पश्चात पूल में स्विमिंग, स्लाइड्स व रेन डांस कर मस्ती की । दोपहर को सुस्वादु लंच के पश्चात मैजिक शो के मजे लिए । रिसोर्ट ही स्थित डिस्को थेक में गानों पर डांस किया । गुड्सवारी कि ऊंटगाड़ी की सवारी कर आनंदित हुए । इस पार्टी में सम्यक ग्रुप के अधिकांश सदस्य उपस्थित रहे । ग्रुप अध्यक्ष डॉ इन्द्र कुमार जैन ने सभी सदस्यों का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया । अंत मे सभी सदस्य बड़ के बालाजी स्थित सुपाश्र्व मती माताजी के समाधि स्थल व कमल मंदिर के दर्शन किए।



# ब्र. मनीष भैया ने किया शिक्षण शिविरों का निरीक्षण

## पूजन शिविर के साथ मेहंदी पेंटिंग की चल रही है क्लासें



बाकुडा. शाबाश इंडिया। परम पूज्य आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज के जन्म दिवस के पावन अवसर पर पश्चिम बंगाल के सराक में आचार्य श्री ज्ञेय सागर जी आर्यिका श्री स्वस्ति भूषण माताजी आर्यिका श्री आर्ष मति माताजी आर्यिका श्री सुज्ञान मति माताजी के आशीर्वाद से ब्र.मंजुला दीदी, ब्र. मनीष भैया के निर्देशन में भारतवर्षीय सराक ट्रस्ट के तत्वावधान में ज्ञान संस्कार बाल शिक्षण शिविरों में सभी स्थान लखनपुर, बारकोना, राजामेला,भोक्ताबांध, हारीबांगा, लक्ष्मणपुर, साहिबखेड़ा, खगड़ा, चुडरी पूजन प्रशिक्षण के साथ पेंटिंग मेहंदी नृत्य की क्लासों के लिए स्नेहा जैन और कु. साधिका जैन द्वारा बच्चों को धार्मिक शिक्षा के साथ लोकिक कलाओं का प्रशिक्षण से शिक्षण शिविर सफलता की ओर अग्रसर हैं इसके बाद मध्य प्रदेश से पधारे विद्वान, पं. रीतेंद्र जैन, राजकुमार शास्त्री, जिनांश जैन, विदुषी सपना जैन, कु. काव्या जैन द्वारा शिक्षण शिविर में बच्चों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर निर्देशक ब्र. मनीष भैया ने शिक्षण शिविरों का निरीक्षण किया जिसमें सर्वप्रथम बारकोना पहुंचकर बच्चों से शिक्षण शिविर के विषय में जानकारी शिविरों का महत्व किस लिए है। इसके बाद भैया जी मोलाहीर पहुंच कर बच्चों से धार्मिक क्लासों की जानकारी ली। शिविर मुख्य संयोजक मनीष विद्यार्थी सागर ने बताया कि पांच दिवसीय संस्कार शिविरों की आयोजन से निश्चित ही संस्कारों का बीजारोपण होगा। स्थानीय स्तर पर बाकुड़ा जिला सराक ट्रस्ट के अध्यक्ष गयाराम जैन, सचिव संजय जैन, डॉ प्रदीप जैन,रामदुलार जैन, लखन जैन राजा मेला, शक्तिपथ जैन, शिक्षण शिविरों को सफल बनाने में अपना योगदान दे रहे हैं।



# बंगीय हिन्दी परिषद में मातृ दिवस आयोजित



कोलकाता. शाबाश इंडिया

पश्चिम बंगाल की स्वनामधन्य संस्था 'बंगीय हिन्दी परिषद 'के तत्वावधान में कवि कल्प की गोष्ठी में विश्व मातृ दिवस का पालन किया गया। इस पावन अवसर पर संस्था के मंत्री डॉ राजेंद्र नाथ त्रिपाठी ने अपने स्वागत वक्तव्य में कहा कि आज विश्व मातृ दिवस है। माँ के बिना संसार की कल्पना करना आसान नहीं है क्योंकि इस पूरे संसार की रचना का कारण मॉं ही है ये दिन मॉं के प्रति अपना प्यार जताने का अवसर है। मॉं को ये एहसास दिलाने का कि वो आपके लिए कितनी खास है। मातृ दिवस पर जोर देते हुए त्रिपाठी ने कहा कि आज खुशी का दिन हैं कि अपनी भावनाएं व्यक्त करने का सबसे बढ़िया तरीका उपहार के साथ मॉं के लिए लिखी कविताएं या शायरी भी हो सकती है। श्रद्धा टिबडेवाल ने सरस्वती वंदना की तत्पश्चात कवि कल्प गोष्ठी की शुरूआत हुई। पधारे हुए समस्त रचनाकारों ने मॉं पर केन्द्रित रचनाएं सुनाई जिनमें सर्वश्रेष्ठ रोहित साव, जोया अहमद, मोहम्मद अय्यूब, ओमप्रकाश चौबे, राम पुकार सिंह 'पुकार गाजीपुरी ',कमल पुरोहित 'अपरिचित ',नन्दलाल सेठ 'रौशन ',डॉ मनोज मिश्र, चन्द्रिका प्रसाद पाण्डेय 'अनुरागी ',जीवन सिंह,मुरली चौधरी, गणेश नाथ तिवारी, ऊषा जैन, तेजसवनी साव, सूरज साव, डॉ शाहिद फरोगी की प्रस्तुति से मातृ दिवस को सार्थक किया। मंचासीन मुख्य अतिथि रणजीत भारती, विशिष्ट अतिथि राम नारायण झा 'देहाती 'तथा कार्यक्रम अध्यक्ष, वरिष्ठ साहित्यकार गजेन्द्र नाहटा ने कविताएं सुनाकर खूब वाहवाही बटोरीं। समारोह का सफल संचालन प्रदीप कुमार धानुक व धन्यवाद ज्ञापन संयोजक डॉ मनोज मिश्र ने किया।

# ब्राह्मण सेवा फाउंडेशन द्वारा 11 मई को ब्राह्मण महा सम्मेलन हुआ



मुंबई. शाबाश इंडिया

मुम्बई जोगेश्वरी राम मंदिर हाल में ब्राह्मण सेवा फाउंडेशन द्वारा 11 मई 2025 रविवार को ब्राह्मण महा सम्मेलन हुआ। जिसमें बड़े बड़े उद्योग पति नेता और कई संस्थाओं का आगमन हुआ। नीलांबरी फाऊंडेशन के सचिव पत्रकार लक्ष्मीकांत मिश्र 'कमल नयन' मानस परिवार सेवा संस्था के मुम्बई अध्यक्ष सूर्यकांत तिवारी , योगेश पाठक , पंकज मिश्रा उत्तर भारतीय संयुक्त संस्था के अध्यक्ष राजेश दूबे आदि संस्थाओं ने भागीदारी की। जिसमें आर्थिक स्थिति से लाचार ब्राह्मणों के लिए सहयोग की बात लोगों ने किया और शिक्षा , संस्कार, सभ्यता , और रोजगार पर भी विचार किया और सभी ने ब्राह्मणों को एक जूट होने की बात की। जिस प्रकार एक एक लकड़ी को एक करके गठरी बनता उसी प्रकार एक एक ब्राह्मण मिलकर एक स्तम्भ तैयार होगा जिसे कोई हिला नहीं पाऐगा निधि तिवारी और आये हुऐ लोगों लक्ष्मीकांत मिश्र, सुर्यकांत तिवारी,संतोष पाण्डेय , सचिन चौबे ,अंकित चौबे,राजेश उपाध्याय, राजेश दूबे,अमित दूबे, शुरेन्द्र मिश्रा मुकेश त्रिपाठी आदि का संस्था के अध्यक्ष राजन मिश्रा, उपाध्यक्ष नरेन्द्र उपाध्याय, निधि तिवारी , निक्की शर्मा आदि ने साल पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया और सभी का धन्यवाद ज्ञापित जय श्री राम , जय श्री भगवान परशुराम के जय घोष से किया संस्था के अध्यक्ष राजन मिश्रा ने।



# संगिनी फोरम जेएसजी कैपिटल व रोटरी क्लब क्राउन द्वारा मदर्स डे पर ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस पर कान्फ्रेंस आयोजित




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

संगिनी फोरम जेएसजी कैपिटल व रोटरी क्लब क्राउन द्वारा मदर्स डे पर ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस पर एक कान्फ्रेंस आयोजित किया ।संगिनी सचिव सुनीता पाटोदी ने बताया कि संगिनी फोरम जेएसजी कैपिटल व रोटरी क्लब क्राउन द्वारा मदर्स डे पर ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस पर एक कान्फ्रेंस आयोजित की गई।सी.के. बिरला हास्पिटल की डाक्टर अनुकृति सूद ने ब्रेस्ट कैंसर से संबंधित शंकाओं का समाधान बताया व कहा कि कैंसर का पता अगर शुरूआत मे ही चल जाये तो ईलाज मे आसानी रहती है , अतः



समय समय-समय पर जांच करवाते रहना चाहिए। डॉक्टर लतिका ने पैरेंट्स पर चर्चा करते हुए बताया कि आज के दौर मे छोटे बच्चो को कितना व कैसे मोबाइल से दूर रखकर उन्हे फिजिकल एक्टिविटी की ओर ले जाया जाये तथा टीनएज बच्चो के साथ उनके दोस्त बन कर कैसे उन्हे गलत रास्ते पर जाने से रोका जाए। डाक्टर निम्मी ने सदस्याओ की ओर से प्रश्न पूछे जिनका दोनो डाक्टर्स ने बहुत ही अच्छे से समाधान किया। सभी डाक्टर्स व सी के बिरला हास्पिटल के सचिन व शांतनु सिंह का संस्थापक अध्यक्ष विनीता जैन, अध्यक्षा अलका जैन, पदाधिकारी - सुनीता पाटोदी, मंजु गंगवाल, सुनीता काला, चंदना ठोलिया, व सपना गोदिका, मंजु बज, शोभना लौंग्या तथा पूर्व अध्यक्ष क्रमशः समता गोदिका व हेमा सौगानी द्वारा माला व गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। संगीनी अध्यक्षा अलका जैन ने रोटरी क्लब क्राउन की प्रथम महिला नीलिमा पाटोदी व आशा मिश्रा का धन्यवाद किया कि उनके सहयोग से यह कार्यक्रम सफल रहा।

# जो प्राप्त है वही पर्याप्त है : गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी



**इंदौर. शाबाश इंडिया।** प. पू. भारत गौरव श्रमणी गणिनी आर्यिका रत्न गुरु माँ विज्ञाश्री माताजी ससंघ (5 पिच्छी) जावरा वाला मंदिर पलासिया इंदौर में विराजमान है । पूज्य माताजी के मुखारविंद से अभिषेक शांतिधारा हुई । तत्पश्चात पूज्य माताजी का मंगल उद्बोधन हुआ । माताजी ने उपस्थित जनसमूह को मंगल देशना के माध्यम से धर्म से जोड़ने का अथक प्रयास करते हुए कहा कि - प्रथम प्रभु और गुरु से मिलन हुआ । फिर प्रीति हुई अब प्राप्ति करना है । प्राप्ति आपको अच्छाइयों की करना या बुराइयों की ये आपका विषय है। माताजी ने एक दृष्टांत के माध्यम से समझाते हुए कहा कि - जैसे किसी के पास गाय है यदि उसे दूध निकालना नहीं आता तो वह व्यंजनों का स्वाद नहीं ले पायेगा । उसे उससे मात्र मल मूत्र की ही प्राप्ति होगी। उन्होंने कहा - हमें जो प्राप्त है वही पर्याप्त है । विषय भोगों की आशा नहीं करो पर धर्म प्राप्ति के लिए पूरा पुरुषार्थ करो । जीवन में धर्म ही मात्र ऐसी पूंजी है जो मृत्यु के बाद भी हमारे साथ जाएगी । यह मानव जीवन बहुत कीमती है क्योंकि इसी तन से संयम धारण किया जा सकता है। धर्म की साधना इसी तन से ही सम्भव है । संयमी जीवन सदा सुखों की प्राप्ति में सहायक बनता है। पूज्य माताजी ससंघ की उपवास के बाद निर्विघ्न आहारचर्या सम्पन्न हुई।

# मॉडल करिश्मा सिकरवार बीएफसी अवॉर्ड से हुई सम्मानित

## बेटी फाउंडेशन की ओर से होटल ग्रांड सफारी जयपुर में हुए भव्य समारोह में गणमान्यजनों ने किया अभिनंदन

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** बेटी फाउंडेशन क्लब की ओर से होटल ग्रांड सफारी जयपुर में आयोजित किए गए बी.एफ.सी. फेस्टिवल एंड टॉक शो में महिला उद्यमिता पर चर्चा किए जाने के साथ ही 51 महिलाओं का सम्मान किया गया। दिल्ली से पधारी बिजनेसविमेन एवं ताजा टॉक्स की डायरेक्टर आंचल पुरी की अगुवाई में सुनीता मीना, ममता जायसवाल, पूजा शर्मा, प्रियंका मीना आदि विशिष्टजनों ने मॉडल करिश्मा सिकरवार को ट्रॉफी भेंट कर बीएफसी अवॉर्ड से सम्मानित किया। बेटी फाउंडेशन के फाउंडर राज शर्मा और राहुल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में होटल ग्रांड सफारी के डायरेक्टर पवन गोयल, एसजीएम आउटडोर के डायरेक्टर जे.डी. माहेश्वरी, करण प्रोडक्शन हाउस के सीईओ अंकेश माथुर, भिंडा रियल स्टेट के डायरेक्टर नंदकिशोर भिंडा, वैश्वी मल्टीवेंचर्स के एमडी अमन वर्मा, मास्टरशेफ अरुण चौहान विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम की थीम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता अभियान पर रहीं, जिसके लिए सभी मेहमानों को और आयोजन समिति को जयपुर लोकसभा सांसद मंजू शर्मा ने बधाई दी।



# पुलक पर्व पर वर्धमान स्त्रोत विधान का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

परम पूज्य आचार्य श्री पुलक सागर जी महाराज के 55 वें अवतरण दिवस महोत्सव के अवसर पर 10 व 11 मई को पुलक मंच परिवार महारानी फार्म द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के साथ पुलक मंच की प्रार्थना के साथ पुलक पर्व महोत्सव प्रारंभ हुआ। गायत्री नगर महारानी फार्म पुलक मंच शाखा की महामंत्री रेखा झांझरी के अनुसार 10 मई को प्रातः 8 बजे गायत्री नगर दिगम्बर जैन मंदिर जी में वर्धमान स्त्रोत का आयोजन विधानाचार्य पं. अजित शास्त्री के निर्देशन में किया गया, कार्यक्रम संयोजक बीना टोंग्या व अनिता बड़जात्या थीं, संचालन मंजू सेवा वाली ने किया। इस अवसर पर सोधर्म इन्द्र सारसमल-कमला देवी झांझरी परिवार थे,दीप प्रज्वलन चांद देवी सोगानी द्वारा किया गया। विधान में महिमा अजमेरा,लता सोगानी, नीलू गंगवाल का विशेष सहयोग रहा, सैंकड़ों लोगों ने भक्ति के साथ विधान व आचार्य श्री पुलक सागर जी महाराज की पूजा सम्पन्न करायी।इस अवसर पर मन्दिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष कैलाश छाबड़ा, उपाध्यक्ष अरुण शाह, युवा परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन बडजात्या, अनिल कुमार गदिया बयाना वाले,राजकुमार बाकलीवाल, कमल मालपुरा वाले, सुरेश जैन, महावीर सोनी, निर्मल सेठी, आदि उपस्थित थे। पुलक मंच परिवार की ओर से 2 स्टील की टेबिल मन्दिर जी को भेंट की, सभी स्टील टेबिल भेंटकर्ताओं को मन्दिर प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष अरुण शाह ने धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।



## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com | weeklyshabaas@gmail.com

# समर्पण, करुणा और हिम्मत से जनसेवा करता हैं नर्सिंग स्टाफः आजाद शेरवानी

## अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस पर एचएमएस ने ई एस आई स्टाफ को किया सम्मानित

**कोटा. शाबाश इंडिया।** अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस पर हिन्द मजदूर सभा से संबंद्द थर्मल ठेकेदार वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष आजाद शेरवानी के नैतृत्व में थर्मल परिसर में संचालित ई एस आई डिस्पेंसरी के नर्सिंग स्टाफ ओमप्रकाश सोनी, गायत्री कुमारी, महाश्वेता मौलिक एवं लिसी मोले का माल्यार्पण किया और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया इस अवसर पर ई एस आई के चिकित्सक डॉ सारिया मदनी और डॉ निशित गुप्ता भी उपस्थित रहे। नर्सिंग स्टाफ को इस दिन की बधाई देते हुए आजाद शेरवानी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस का उद्देश्य नर्सों के असाधारण योगदान को सम्मानित करना और समाज में नर्सिंग के महत्व को बढ़ावा देना है यह दिन नर्सों के समर्पण को सराहने का एक अवसर है जो कि हमें नर्सिंग स्टाफ के समर्पण, करुणा और ताकत की याद दिलाता है नर्सों को स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की रीढ़ माना जाता है, क्योंकि वे रोगियों को उनके सबसे कमजोर क्षणों में देखभाल और आराम प्रदान करते हैं। हमने कोविड -19 महामारी जैसे संकट के समय में नर्सों की अडिग प्रतिबद्धता और साहस को देखा है यह इस बात का प्रमाण है कि वे किसी भी परिस्थिति में अपनी सेवा के लिए तैयार रहते हैं हम उनकी महान सेवा के लिए आभारी हैं। इस अवसर पर यूनियन अध्यक्ष आजाद शेरवानी महासचिव बद्रीलाल शर्मा, महावीर शर्मा, शिवकुमार शर्मा, जगदीश मेहरा, राजेन्द्र बुनकर, भगतसिंह शक्तावत, पप्पू खान, राकेश कुमार इत्यादि पदाधिकारी उपस्थित रहे।



